**अंकन योजना**
**अत्यंत गोपनीय (केवल आंतरिक और सीमित प्रयोग हेतु)**
**सेकेंडरी स्कूल परीक्षा 2026**
**कक्षा- 10 वीं हिंदी (A), कोड- 002**
**प्रश्न पत्र कोड 3/5/2**

**सामान्य निर्देश:**

1.आप जानते हैं कि परीक्षार्थियों के सही और उचित आकलन के लिए उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। मूल्यांकन में एक छोटी सी भूल भी गंभीर समस्याओं को जन्म दे सकती है जो परीक्षार्थियों के भविष्य, शिक्षा व्यवस्था और अध्ययन-अध्यापन व्यवस्था को भी प्रभावित कर सकती है। गलतियों से बचने के लिए अनुरोध किया जाता है कि मूल्यांकन प्रारंभ करने से पूर्व ही आप मूल्यांकन निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ और समझ लें।

2. मूल्यांकन नीति एक गोपनीय नीति है। आयोजित परीक्षाओं की गोपनीयता, किए गए मूल्यांकन और कई अन्य पहलुओं से संबंधित होने की वजह से मूल्यांकन की गोपनीयता अनिवार्य है। किसी भी प्रकार से इसके सार्वजनिक होने या 'लीक' होने पर परीक्षा व्यवस्था पर दुष्प्रभाव पड़ सकता है जिससे लाखों उम्मीदवारों का जीवन और भविष्य प्रभावित हो सकता है। इस नीति/दस्तावेज को किसी से भी साझा करना, किसी पत्रिका में प्रकाशित करना और समाचार पत्र/वेबसाइट आदि में छापना भारतीय दंड संहिता (IPC) के तहत कार्रवाई को आमंत्रित कर सकता है।

3. मूल्यांकन अंकन योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही किया जाना चाहिए, अपनी व्यक्तिगत व्याख्या या किसी अन्य धारणा के अनुसार नहीं। यह अनिवार्य है कि अंकन योजना का अनुपालन समग्रतापूर्वक और निष्ठापूर्वक किया जाए। हालाँकि, मूल्यांकन करते समय, जो उत्तर नवीनतम जानकारी या ज्ञान पर आधारित या अभिनव हैं (innovative), उनकी सत्यता और उपयुक्तता को परखते हुए उचित अंक दिए जा सकते हैं। कक्षा दसवीं के प्रश्न पत्र में दिए गए दो दक्षता आधारित (competency based) प्रश्नों का मूल्यांकन करने में कृपया विद्यार्थियों द्वारा दिए गए उत्तर को समझने का प्रयास करें। विद्यार्थियों द्वारा दिए गए उत्तर चाहे अंकन योजना में दिए गए उत्तर से मेल न खाते हों, तब भी यदि उन्होंने सही दक्षताओं को व्यक्त किया हो तो उन्हें उचित अंक दिए जाने चाहिए।

4. अंकन योजना में उत्तरों के लिए केवल बिंदु सुझाए जाते हैं। ये बिंदु प्रकृति में केवल दिशानिर्देशों की भाँति होते हैं और पूरे उत्तर का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं। विद्यार्थी अपनी शैली में उत्तर दे सकते हैं और यदि उनकी अभिव्यक्ति सही है, तो उसके अनुसार उचित अंक दिए जाने चाहिए।

5. अंकन योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही मूल्यांकन किया गया है, यह सुनिश्चित करने के लिए मुख्य परीक्षक पहले दिन प्रत्येक मूल्यांकनकर्ता द्वारा जाँची गई पहली पाँच उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की जाँच ध्यानपूर्वक करें। यदि कोई अंतर है, तो विचार-विमर्श और चर्चा के बाद वह समाप्त /शून्य हो जाना चाहिए। परीक्षकों को मूल्यांकन के लिए शेष उत्तरपुस्तिकाएँ तभी दी जाएँ जब मुख्य परीक्षक आश्वस्त हो कि मूल्यांकनकर्ताओं के अंकन में बहुत अधिक भिन्नता नहीं है।

6. मूल्यांकनकर्ता सही उत्तर पर सही का निशान (✓) लगाएँ। गलत उत्तर के लिए गलत का चिह्न ( x ) लगाएँ। मूल्यांकनकर्ता द्वारा ऐसा चिह्न न लगाने से ऐसा लगता है कि उत्तर सही है परंतु उस पर अंक नहीं दिए गए हैं। यह मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा की जाने वाली सबसे आम गलती है।

7. यदि किसी प्रश्न के उपभाग भी हों, तो कृपया प्रश्नों के प्रत्येक उपभाग के उत्तर पर **दाईं** ओर अंक दिए जाएँ। बाद में, उस प्रश्न के सभी उपभागों के इन अंकों का योग बाईं ओर के हाशिये में लिखकर उसे गोलाकृत कर दिया जाए। इसका अनुपालन दृढ़तापूर्वक किया जाए।

8. यदि किसी प्रश्न का कोई उपभाग न हो, तो **बाईं** ओर के हाशिये में अंक दिए जाएँ और उन्हें गोलाकृत किया जाए। इसके अनुपालन में भी दृढ़ता बरती जाए।

9. यदि परीक्षार्थी ने किसी प्रश्न का उत्तर दो स्थानों पर लिख दिया है और किसी एक को काटा नहीं है तो जिस उत्तर पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों, उस पर अंक दें और दूसरे को काट दें। यदि परीक्षार्थी ने अतिरिक्त प्रश्न/प्रश्नों का उत्तर दे दिया है तो जिन उत्तरों पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों, उन्हीं पर अंक दें और अन्य उत्तर को काटकर उस पर 'अतिरिक्त प्रश्न' लिख दें।

10. एक ही प्रकार की अशुद्धि बार-बार हो तो हर बार उसके अंक न काटें। एक जैसी त्रुटि के लिए अंक एक बार ही काटे जाएँ।

11. यहाँ यह ध्यान रखना होगा कि मूल्यांकन में संपूर्ण अंक पैमाने 0-80 (उदाहरण के लिए प्रश्न-पत्र में दिए अधिकतम अंकों के अनुसार 0 से 80/70/60/50/40/30 अंक) का प्रयोग अनिवार्य रूप से किया जाए। परीक्षार्थी ने यदि सभी अपेक्षित उत्तर बिंदुओं का उल्लेख किया है तो उसे पूरे 80 अंक देने में संकोच न करें।

12. प्रत्येक मूल्यांकनकर्ता को पूर्ण कार्य अवधि में अर्थात 8 घंटे प्रतिदिन अनिवार्य रूप से मूल्यांकन कार्य करना है और प्रतिदिन मुख्य विषयों की 20 उत्तर पुस्तिकाएँ तथा अन्य विषयों की 25 उत्तर पुस्तिकाएँ जाँचनी हैं। ( विस्तृत विवरण 'स्पॉट गाइडलाइन' में दिया गया है)

13. नीचे कुछ सामान्य त्रुटियों की सूची दी गई है जिन्हें पिछले वर्षों में मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा किया जाता रहा है। यह सुनिश्चित करें कि आप इस प्रकार की त्रुटियाँ न करें–

- उत्तरपुस्तिका में किसी उत्तर या उत्तर के अंश को जाँचे बिना छोड़ देना
- उत्तर के लिए निर्धारित अंकों से अधिक अंक दे देना
- उत्तर के लिए दिए गए अंकों का योग ठीक न होना
- उत्तरपुस्तिका के अंदर दिए गए अंकों का आवरण पृष्ठ पर सही अंतरण न होना
- आवरण पृष्ठ पर प्रश्नानुसार योग करने में अशुद्धि
- आवरण पृष्ठ पर दो कॉलम के अंकों का योग करने में अशुद्धि
- कुल अंकों के योग में अशुद्धि
- प्राप्तांकों को संख्याओं और शब्दों में लिखने में अंतर होना
- उत्तरपुस्तिकाओं से ऑनलाइन अंकसूची में सही अंतरण न होना
- उत्तरों पर सही का चिह्न (✓) लगाना किंतु अंक न देना। (सुनिश्चित करें कि ( ✓ ) या ( x ) का उपयुक्त चिह्न ठीक ढंग से और स्पष्ट रूप से लगा हो। यह मात्र एक रेखा के रूप में न हो)
- उत्तर का एक भाग सही और बाकी गलत हो किंतु कोई अंक न दिए गए हों।

14. उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन करते हुए, यदि कोई उत्तर पूर्ण रूप से गलत हो तो उस पर ( x) निशान लगाएँ और शून्य (0) अंक दें।

15. उत्तरपुस्तिका पर किसी प्रश्न का बिना जाँच किए छूट जाना, मुख्य पृष्ठ पर अंतरण न होना या प्राप्तांकों के योग में किसी त्रुटि का पता लगना मूल्यांकन कार्य से जुड़े सभी लोगों की छवि को और केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद की प्रतिष्ठा को धूमिल करता है। इसलिए, सभी की प्रतिष्ठा को बनाए रखने के लिए यह फिर से दोहराया जाता है कि निर्देशों का सावधानीपूर्वक और विवेकपूर्ण तरीके से पालन किया जाए।

16. सभी मूल्यांकनकर्ता वास्तविक मूल्यांकन कार्य प्रारंभ करने से पहले 'स्पॉट इवैल्यूएशन' के निर्देशों से सुपरिचित अवश्य हो जाएँ।

17. प्रत्येक मूल्यांकनकर्ता सुनिश्चित करे कि सभी उत्तरों का मूल्यांकन किया जा चुका है, आवरण पृष्ठ पर तथा योग में कोई अशुद्धि नहीं रह गई है तथा कुल योग को शब्दों और अंकों में लिखा गया है।

18. केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया के अंतर्गत परीक्षार्थियों के अनुरोध पर निर्धारित शुल्क भुगतान के बाद उन्हें उत्तर पुस्तिकाओं की फोटो कॉपी प्राप्त करने की अनुमति देती है। सभी मूल्यांकनकर्ताओं /अतिरिक्त मुख्य परीक्षकों/ प्रधान परीक्षकों को एक बार फिर याद दिलाया जाता है कि वे सुनिश्चित करें कि प्रत्येक उत्तर का मूल्यांकन अंक योजना में दिए गए मूल्य बिंदुओं के अनुसार ही किया जाए।

**अंकन योजना मार्च, 2026**
**प्रश्न पत्र कोड: 3/5/2**

**विषय: हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ')** **विषय कोड 002** **कक्षा – दसवीं**

| प्रश्न संख्या | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक |
|---|---|---|
| | **[खंड - क] (अपठित बोध)** | **14** |
| 1. | अपठित काव्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित : | 7 |
| (i) | (D) धरती माँ | 1 |
| (ii) | (B) कथन (I), (II) और (III) सही हैं। | 1 |
| (iii) | (C) कथन और कारण दोनों सही हैं और कारण, कथन की सही व्याख्या है। | 1 |
| (iv) | परीक्षार्थी उपयुक्त आशय स्पष्ट करेंगे-<br>धरती मिट्टी और पत्थर से बना मात्र एक भौगोलिक स्वरूप नहीं है, बल्कि जीवन का आधार है।<br><br>* पर्याप्त विस्तार सहित उपयुक्त आशय लिखने पर (2 अंक)<br>-----------------------------<br>* संक्षेप में उपयुक्त आशय लिखने पर (1 अंक)<br>-----------------------------<br>* काव्यांश से इस प्रश्न के संदर्भ में थोड़े-बहुत वाक्य लिखने पर (0.5 अंक)<br>-----------------------------<br>* असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक) | 2 |
| (v) | परीक्षार्थी काव्यांश के आधार पर **एक** कारण सहित उपयुक्त उत्तर लिखेंगे-<br>वृक्षों को;<br>**<u>कारण</u>**-<br>• धरती को बंजर और मरुस्थल बनने से बचाना<br>• जलवायु परिवर्तन से लड़ने में मदद करना<br>• धरती को शीतलता व सौंदर्य प्रदान करना<br>(अन्य उपयुक्त बिंदु भी स्वीकार्य)<br><br>* प्रश्न के दोनों हिस्सों के लिए उपयुक्त उत्तर लिखने पर (1+1=2 अंक) | 2 |

| | | |
|---|---|---|
| | ------------------------------<br>* केवल पहले **अथवा** दूसरे हिस्से का उपयुक्त उत्तर लिखने पर (1 अंक)<br>------------------------------<br>* काव्यांश से इस प्रश्न के संदर्भ में थोड़े-बहुत वाक्य लिखने पर (0.5 अंक)<br>------------------------------<br>* असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक) | |
| 2. | अपठित गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित : | 7 |
| (i) | (B) पशु-पक्षियों के माध्यम से जीवन-मूल्य संप्रेषित करना | 1 |
| (ii) | (C) कथन और कारण दोनों सही हैं और कारण, कथन की सही व्याख्या है। | 1 |
| (iii) | (C) कथन (I), (III) और (IV) सही हैं। | 1 |
| (iv) | परीक्षार्थी गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर **दो** उपयुक्त बिंदुओं में उत्तर लिखेंगे-<br>• बच्चों के कल्पना जगत में पशु-पक्षियों का विशेष स्थान<br>• बच्चों में पशु-पक्षियों की दुनिया के प्रति रुचि, कौतूहल तथा जिज्ञासा<br>• पशु-पक्षियों के बीच मनुष्यों की तरह होने वाले संवाद से आनंद की अनुभूति<br><br>* दो उपयुक्त बिंदु लिखने पर (1+1=2 अंक)<br>------------------------------<br>* एक उपयुक्त बिंदु लिखने पर (1 अंक)<br>------------------------------<br>* प्रश्न के संदर्भ में गद्यांश से संबंधित थोड़े-बहुत वाक्य लिखने पर (0.5 अंक)<br>------------------------------<br>* असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक) | 2 |
| (v) | परीक्षार्थी दी गई पंक्ति का उपयुक्त आशय लिखेंगे-<br>पंचतंत्र की कहानियाँ अपनी प्रासंगिकता और महत्त्व को आज भी बनाए हुए हैं; मानो इन्होंने समय पर विजय प्राप्त कर ली है।<br><br>* पर्याप्त विस्तार सहित उपयुक्त आशय लिखने पर (2 अंक)<br>------------------------------<br>* संक्षेप में उपयुक्त आशय लिखने पर (1 अंक)<br>------------------------------<br>* गद्यांश से इस प्रश्न के संदर्भ में थोड़े-बहुत वाक्य लिखने पर (0.5 अंक)<br>------------------------------<br>* असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक) | 2 |

| | | |
|---|---|---|
| | | |
| | **[खंड - ख]      (व्यावहारिक व्याकरण)** | **16** |
| 3. | 'रचना के आधार पर वाक्य-भेद' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित : | 4 |
| (i) | बल्लेबाजों के द्वारा अच्छा प्रदर्शन करने पर भारत मैच जीत गया।/<br>बल्लेबाजों के अच्छे प्रदर्शन से भारत मैच जीत गया। | 1 |
| (ii) | जादूगर का खेल देखा और लोगों ने तालियाँ बजाईं।/<br>लोगों ने जादूगर का खेल देखा और तालियाँ बजाईं। | 1 |
| (iii) | जैसे ही वसंत आया, वैसे ही चारों ओर रंग-बिरंगे फूल खिल उठे।/<br>ज्यों ही वसंत आया, त्यों ही चारों ओर रंग-बिरंगे फूल खिल उठे।/<br>जब वसंत आया, तब चारों ओर रंग-बिरंगे फूल खिल उठे। | 1 |
| (iv) | संयुक्त वाक्य | 1 |
| (v) | संज्ञा आश्रित उपवाक्य | 1 |
| 4. | 'वाच्य' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित : | 4 |
| (i) | प्रधानमंत्री जी द्वारा/ के द्वारा इस भवन का उद्घाटन किया गया। | 1 |
| (ii) | बच्चों ने अच्छा कार्यक्रम प्रस्तुत किया। | 1 |
| (iii) | सारिका से क्षणभर भी शांत नहीं बैठा जाता है। | 1 |
| (iv) | कर्मवाच्य | 1 |
| (v) | चुनावों की घोषणा की गई। | 1 |
| 5. | 'पद-परिचय' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के लिए **सही व्याकरणिक कोटि** के साथ कोई **एक अन्य बिंदु** अपेक्षित : | 4 |
| (i) | **सीता**- संज्ञा, व्यक्तिवाचक, स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्ता कारक | ½+½=1 |

| | | |
|---|---|---|
| (ii) | **यह**- विशेषण, सार्वनामिक/संकेतवाचक, 'लड़का' विशेष्य, पुल्लिंग, एकवचन | ½+½=1 |
| (iii) | **मिला था**- क्रिया, सकर्मक, भूतकाल, पुल्लिंग, एकवचन | ½+½=1 |
| (iv) | **धीरे-धीरे**- अव्यय, क्रियाविशेषण, रीतिवाचक, 'लिख रहा है' क्रिया की विशेषता | ½+½=1 |
| (v) | **वाह!**- अव्यय, विस्मयादिबोधक, हर्ष/ आश्चर्य/ प्रशंसासूचक | ½+½=1 |
| 6. | 'अलंकार' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित : | 4 |
| (i) | उत्प्रेक्षा अलंकार | 1 |
| (ii) | उपमा अलंकार | 1 |
| (iii) | मानवीकरण अलंकार | 1 |
| (iv) | रूपक अलंकार/ मानवीकरण अलंकार | 1 |
| (v) | अतिशयोक्ति अलंकार | 1 |
| | **[खंड - ग] (पाठ्य-पुस्तक और पूरक पाठ्य-पुस्तक पर आधारित)** | **30** |
| 7. | पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित : | 5 |
| (i) | (D) पारिवारिक परंपरा के अनुसार लड़कों को बाहर खेलने की स्वतंत्रता थी। | 1 |
| (ii) | (D) लड़कियों के लिए उस समय घर के बाहर की दुनिया सीमित थी। | 1 |
| (iii) | (A) कथन (I) और (II) सही हैं। | 1 |
| (iv) | (B) हम संकुचित और असहाय हो गए हैं। | 1 |
| (v) | (C) कथन और कारण दोनों सही हैं और कारण, कथन की सही व्याख्या है। | 1 |
| 8. | पठित काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित : | 5 |
| (i) | (D) अपनी प्रेयसी की यादों को। | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| (ii) | (C) अंतर्मन के लिए | 1 |
| (iii) | (A) कथन (I) और (II) सही हैं। | 1 |
| (iv) | (C) कथन और कारण दोनों सही हैं और कारण, कथन की सही व्याख्या है। | 1 |
| (v) | (B) वे बहुत सरल थे, उनको अहंकार नहीं था। | 1 |
| 9. | निर्धारित कविताओं के आधार पर चार प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित : | 6 |
| (i) | परीक्षार्थी कविता के आधार पर कोई **दो** उपयुक्त बिंदु लिखेंगे-<br>• कृष्ण द्वारा प्रेम-संदेश के स्थान पर योग-संदेश भेजना<br>• कृष्ण आगमन की आशा धूमिल होना<br>• विरह व्यथा का बढ़ जाना<br>(अन्य उपयुक्त बिंदु भी स्वीकार्य)<br>* कोई दो उपयुक्त बिंदु लिखने पर (1+1=2 अंक)<br>-----------------------------<br>* एक उपयुक्त बिंदु लिखने पर (1 अंक)<br>-----------------------------<br>* कविता के आधार पर गोपियों के विषय में थोड़े-बहुत वाक्य लिखने पर (0.5 अंक)<br>-----------------------------<br>* असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक) | 2 |
| (ii) | दिए गए प्रश्न का सीधा उत्तर ‘राम-लक्ष्मण परशुराम संवाद’ के उस पद से है, जो वर्तमान में पाठ्यक्रम का हिस्सा नहीं है; यद्यपि यह प्रश्न पाठ्यपुस्तक के प्रश्न-अभ्यास में दिया गया है। अत: परीक्षार्थियों ने यदि पाठ के आधार पर इस प्रश्न का उत्तर देने का प्रयास किया है तो उनके हित को ध्यान में रखते हुए उन्हें **पूरे अंक** दिए जाएँ। (2 अंक) | 2 |
| (iii) | परीक्षार्थी कविता के आधार पर कोई **दो** उपयुक्त बिंदु लिखेंगे-<br>• सामाजिक परिवर्तन और बदलाव के लिए<br>• शोषित-पीड़ित जनता के कल्याण के लिए<br>• नवनिर्माण के लिए<br>• गर्मी से मुक्ति के लिए | 2 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | (अन्य उपयुक्त कारण भी स्वीकार्य)<br><br>* कोई दो उपयुक्त बिंदु लिखने पर (1+1=2 अंक)<br>------------------------------<br>* एक उपयुक्त बिंदु लिखने पर (1 अंक)<br>------------------------------<br>* कविता के आधार पर बादलों के गरजने के विषय में थोड़े-बहुत वाक्य लिखने पर (0.5 अंक)<br>------------------------------<br>* असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक) | |
| (iv) | परीक्षार्थी कविता के आधार पर प्रश्न के दोनों हिस्सों के लिए उपयुक्त उत्तर लिखेंगे-<br>**<u>अर्थ</u>** :<br>• मुख्य गायक के साथ गानेवाला<br>• मुख्य गायक के साथ वाद्य यंत्र बजानेवाला<br>• सहयोगी;<br>(कोई **एक** बिंदु अपेक्षित)<br>**<u>भूमिका :</u>**<br>• गायन में साथ देना<br>• उत्साह को बनाए रखना<br>• अकेलेपन का अहसास न होने देना<br>• अनहद में खो जाने पर स्थायी को सँभाले रखना<br>• स्वर को बिखरने से पहले ही सँभाल लेना<br>• मुख्य गायक के अनुकूल प्रभावपूर्ण वातावरण बनाना<br>(कोई **तीन** बिंदु अपेक्षित)<br><br>* प्रश्न के दोनों हिस्सों का उपयुक्त उत्तर लिखने पर (½ +1½ = 2 अंक)<br>------------------------------<br>* पहले हिस्से का उत्तर न लिखने **या** गलत लिखने और दूसरे हिस्से के लिए तीन बिंदु लिखने पर<br>अथवा<br>पहले हिस्से का उपयुक्त उत्तर और दूसरे हिस्से के लिए दो बिंदु लिखने पर (1.5 अंक)<br>------------------------------<br>* पहले हिस्से का उत्तर न लिखने **या** गलत लिखने और दूसरे हिस्से के लिए दो बिंदु लिखने पर<br>अथवा<br>पहले हिस्से का उपयुक्त उत्तर और दूसरे हिस्से के लिए एक बिंदु लिखने पर (1 अंक)<br>------------------------------<br>* पहले हिस्से का उत्तर न लिखने **या** गलत लिखने और दूसरे हिस्से के लिए एक बिंदु लिखने पर<br>अथवा<br>पहले हिस्से का उपयुक्त उत्तर और दूसरे हिस्से के लिए उत्तर न लिखने **या** गलत लिखने पर (0.5 अंक)<br>------------------------------<br>* असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक) | 2 |

| | | |
|---|---|---|
| 10. | निर्धारित गद्य पाठों के आधार पर चार प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित : | 6 |
| (i) | परीक्षार्थी पाठ के आधार पर प्रश्न के **दोनों** हिस्सों के लिए उपयुक्त उत्तर लिखेंगे-<br>असली चश्मा;<br><br>**<u>कारण</u>** :<br>• मूर्तिकार द्वारा पत्थर का चश्मा बनाना भूल जाना<br>• अच्छे मूर्तिकार की जानकारी का अभाव<br>• बजट कम होना<br>• समयाभाव<br>• जल्दबाजी में पत्थर के चश्मे का टूट जाना/ सही से न बन पाना<br>• चश्मे का बाद में निकल जाना<br>( कोई **तीन** बिंदु अपेक्षित)<br><br>* प्रश्न के दोनों हिस्सों का उपयुक्त उत्तर लिखने पर (½ +1½ = 2 अंक)<br>------------------------------<br>* पहले हिस्से का उत्तर न लिखने **या** गलत लिखने और दूसरे हिस्से के लिए तीन बिंदु लिखने पर<br>अथवा<br>पहले हिस्से का उपयुक्त उत्तर और दूसरे हिस्से के लिए दो बिंदु लिखने पर (1.5 अंक)<br>-----------------------------<br>* पहले हिस्से का उत्तर न लिखने **या** गलत लिखने और दूसरे हिस्से के लिए दो बिंदु लिखने पर<br>अथवा<br>पहले हिस्से का उपयुक्त उत्तर और दूसरे हिस्से के लिए एक बिंदु लिखने पर (1 अंक)<br>------------------------------<br>* पहले हिस्से का उत्तर न लिखने **या** गलत लिखने और दूसरे हिस्से के लिए एक बिंदु लिखने पर<br>अथवा<br>पहले हिस्से का उपयुक्त उत्तर और दूसरे हिस्से के लिए उत्तर न लिखने पर **या** गलत लिखने पर (0.5 अंक)<br>------------------------------<br>* असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक) | 2 |
| (ii) | परीक्षार्थी पाठ के आधार पर प्रश्न के दोनों हिस्सों के लिए उपयुक्त उत्तर लिखेंगे-<br><br>**वाद्य-यंत्रों के नाम** : खँजड़ी और करताल;<br>**गति** :<br>• एक निश्चित ताल से स्वर का ऊपर होते जाना<br>• सबके तन और मन का नृत्यशील हो उठना | 2 |

| | | |
|---|---|---|
| | * प्रश्न के दोनों हिस्सों का उपयुक्त उत्तर लिखने पर (½+½ +1=2 अंक)<br>------------------------------<br>* पहले हिस्से के लिए केवल एक बिंदु और दूसरे हिस्से का उपयुक्त उत्तर लिखने पर (1.5 अंक)<br>------------------------------<br>* केवल एक हिस्से का उपयुक्त उत्तर लिखने पर (1 अंक)<br>------------------------------<br>* पहले हिस्से के लिए एक बिंदु लिखने पर<br>अथवा<br>प्रश्न के संदर्भ में पाठ से बालगोबिन भगत के विषय में थोड़े-बहुत वाक्य लिखने पर (0.5 अंक)<br>------------------------------<br>* असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक) | |
| (iii) | परीक्षार्थी पाठ के आधार पर **दो** बिंदुओं में उपयुक्त **स्वतंत्र** उत्तर लिखेंगे, **जैसे**-<br>• दिखावा करने वाले<br>• सामंती समाज के प्रतीक<br>• नवाबी अकड़ से भरे हुए<br>• जीवन-शैली की कृत्रिमता<br>• नज़ाकत-नफ़ासत पसंद<br>(अन्य उपयुक्त बिंदु भी स्वीकार्य)<br>* दो उपयुक्त बिंदु लिखने पर (1+1=2 अंक)<br>------------------------------<br>* केवल एक उपयुक्त बिंदु लिखने पर (1 अंक)<br>------------------------------<br>* पाठ के आधार पर नवाब साहब के विषय में थोड़े-बहुत वाक्य लिखने पर (0.5 अंक)<br>------------------------------<br>* असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक) | 2 |
| (iv) | परीक्षार्थी पाठ के आधार पर उपयुक्त उत्तर लिखेंगे, **जैसे**-<br>• कस्तूरी मृग : अपनी सुगंध के स्रोत से अनभिज्ञ होते हुए उसकी तलाश में रहते हैं;<br>• बिस्मिल्ला खाँ : सुरों और संगीत के श्रेष्ठ ज्ञाता होते हुए भी आजीवन सच्चे सुरों की तलाश<br>* पर्याप्त विस्तार सहित उपयुक्त उत्तर लिखने पर (2 अंक) | 2 |

| | | |
|---|---|---|
| | ------------------------------<br>* संक्षेप में उपयुक्त उत्तर लिखने पर (1 अंक)<br>------------------------------<br>* प्रश्न के संदर्भ में थोड़े-बहुत वाक्य लिखने पर (0.5 अंक)<br>------------------------------<br>* असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक) | |
| 11. | पूरक पाठ्य-पुस्तक पर आधारित तीन प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित : | 8 |
| (i) | परीक्षार्थी पाठ के आधार पर दो बिंदुओं में उपयुक्त **स्वतंत्र** उत्तर लिखेंगे, **जैसे-**<br>• पाठ में वर्णित खेलों में सामूहिकता की भावना; आज के अधिकांश खेल व्यक्ति केंद्रित (जैसे भोलानाथ साथियों के साथ मिलकर खेलता था, आज बच्चे कंप्यूटर/मोबाइल स्क्रीन पर)<br>• पाठ में वर्णित खेल सामग्री पारंपरिक और प्राकृतिक; आज की खेल सामग्री तकनीक आधारित, कृत्रिम संसाधनों से निर्मित<br>• माता-पिता का भोलानाथ के प्रति सहज निश्छल प्रेम व वात्सल्य शाश्वत परंतु बदलते समय के साथ उसकी अभिव्यक्ति में अंतर<br>• भोलानाथ के माता-पिता के समय में जीवन अत्यंत सरल होने के कारण पर्याप्त समय परंतु वर्तमान जीवन-शैली की जटिलता और व्यस्तता के कारण उनके पास समयाभाव<br>• भोलानाथ के बचपन में पढ़ाई का दबाव नहीं, आज बहुत अधिक<br><br>* चार बिंदुओं में उपयुक्त उत्तर लिखने पर (1+1+1+1= 4 अंक)<br>------------------------------<br>* कोई तीन बिंदु लिखने पर (3 अंक)<br>------------------------------<br>* कोई दो बिंदु लिखने पर (2 अंक)<br>------------------------------<br>* कोई एक बिंदु लिखने **अथवा** प्रश्न के संदर्भ से थोड़े-बहुत वाक्य लिखने पर (1 अंक)<br>------------------------------<br>* असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक) | 4 |
| (ii) | प्रश्न के पहले हिस्से के लिए परीक्षार्थी पाठ के आधार पर **दो** बिंदुओं में उपयुक्त उत्तर लिखेंगे-<br>**कारण** :<br>• व्यावसायिक गतिविधियों, गंदगी और प्रदूषण से मुक्त | 4 |

| | | |
|---|---|---|
| | • शुद्ध, प्राकृतिक सुंदरता (बर्फबारी) को बचाए हुए<br>• पर्यटकों की भीड़, कूड़ा-करकट और पारिस्थितिक असंतुलन से मुक्त<br>• प्रकृति का सान्निध्य और शांति<br><br>प्रश्न के दूसरे हिस्से के लिए परीक्षार्थी **दो** उपयुक्त **स्वतंत्र** बिंदु लिखेंगे, **जैसे**-<br><br>**युवाओं की भूमिका** :<br>• जागरूकता-अभियान चलाना<br>• नदियों और समुद्री तटों पर सफाई-अभियान<br>• पहाड़ी पर्यटन स्थलों को प्रदूषण और गंदगी मुक्त रखकर वहाँ के सौंदर्य को बचाना<br>• स्थान विशेष के प्राकृतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक परिवेश को संरक्षित रखना<br>• आजीविका के लिए युवाओं का पर्यटन के क्षेत्र में अधिक से अधिक शामिल होना<br><br>(अन्य उपयुक्त बिंदु भी स्वीकार्य)<br><br>* प्रश्न के दोनों हिस्सों के लिए दो-दो बिंदु लिखने पर (1+1+1+1=4 अंक)<br>------------------------------<br>* पहले हिस्से के लिए दो उपयुक्त बिंदु लिखने और दूसरे हिस्से के लिए एक बिंदु लिखने पर<br>अथवा<br>* पहले हिस्से के लिए कोई एक उपयुक्त बिंदु लिखने और दूसरे हिस्से के लिए दो बिंदु लिखने पर (3 अंक)<br>------------------------------<br>* प्रश्न के दोनों हिस्सों के लिए एक-एक बिंदु लिखने पर<br>अथवा<br>प्रश्न के किसी भी एक हिस्से के लिए दो बिंदु लिखने पर<br>अथवा<br>पाठ के आधार पर 'कटाओ' के विषय में थोड़े-बहुत वाक्य लिखने पर (2 अंक)<br>------------------------------<br>* प्रश्न के किसी भी एक हिस्से के लिए एक उपयुक्त बिंदु लिखने पर<br>अथवा<br>* किसी भी दर्शनीय स्थान के बारे में थोड़े-बहुत वाक्य लिखने पर (1 अंक)<br>------------------------------<br>*असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक) | |
| (iii) | प्रश्न के पहले हिस्से के लिए परीक्षार्थी पाठ के आधार पर उपयुक्त उत्तर लिखेंगे-<br><br>**कृति का अर्थ** :<br>आंतरिक अनुभूति और संवेदनाओं से युक्त रचना; | 4 |

| | | |
|---|---|---|
| | प्रश्न के दूसरे हिस्से के लिए परीक्षार्थी पाठ के आधार पर आंतरिक और बाहरी विवशताओं के तीन उपयुक्त बिंदु लिखेंगे-<br>**आंतरिक विवशता :**<br>• लेखन के कारणों को स्वयं भी जानने की इच्छा<br>• अनुभूति का दबाव<br>• स्वयं को जानने की इच्छा<br><br>**बाहरी विवशताएँ :**<br>• संपादक का आग्रह<br>• प्रकाशक की माँग<br>• आर्थिक आवश्यकता<br><br>* प्रश्न के दोनों हिस्सों के लिए उपयुक्त उत्तर लिखने पर (1+3= 4 अंक)<br>------------------------------<br>* पहले हिस्से का उपयुक्त उत्तर लिखने एवं दूसरे हिस्से के लिए दो बिंदुओं में उपयुक्त उत्तर लिखने पर<br>अथवा<br>पहले हिस्से का उत्तर न लिखने **या** गलत उत्तर लिखने और दूसरे हिस्से के लिए तीन बिंदुओं में उपयुक्त उत्तर लिखने पर (3 अंक)<br>------------------------------<br>* पहले हिस्से का उपयुक्त उत्तर लिखने और दूसरे हिस्से के लिए एक बिंदु में उपयुक्त उत्तर लिखने पर<br>अथवा<br>* पहले हिस्से का उत्तर न लिखने **या** गलत उत्तर लिखने और दूसरे हिस्से के लिए दो बिंदुओं में उपयुक्त उत्तर लिखने पर (2 अंक)<br>-----------------------------<br>* पहले हिस्से का उपयुक्त उत्तर लिखने परंतु दूसरे हिस्से का उत्तर न लिखने **या** गलत उत्तर लिखने पर<br>अथवा<br>* पहले हिस्से का उत्तर न लिखने **या** गलत उत्तर लिखने और दूसरे हिस्से के लिए एक बिंदु में उपयुक्त उत्तर लिखने पर (1 अंक)<br>------------------------------<br>* असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक) | |
| | **[ खंड - घ ] ( रचनात्मक लेखन )** | **20** |
| 12.<br><br>(i)<br>अथवा<br>(ii) | किसी **एक** विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लेखन अपेक्षित :<br><br>**पत्र-लेखन :**<br>• प्रारूप (आरंभ और अंत की औपचारिकताएँ) = 1 अंक<br>• विषयवस्तु = 3 अंक | 5 |

<table>
<tr><td></td><td>

- भाषा-शुद्धता = 1 अंक

**विशेष निर्देश :**

- उपयुक्त प्रारूप होने पर ही अंक दिए जाएँ।
- प्रारूप और आरंभ-अंत की औपचारिकताओं में किसी तरह का रूढ़ बंधन तय नहीं किया जाए। (पता, दिनांक आदि के दाएँ/बाएँ होने, सेवा में आदि के आधार पर अंक न काटे जाएँ।)
- यथोचित विषय-वस्तु, स्तरीय और उपयुक्त भाषा प्रयोग पर पूरे अंक दिए जाएँ।
- प्रस्तुतीकरण प्रभावी और उपयुक्त होने पर शब्द-सीमा के उल्लंघन पर अंक न काटे जाएँ।
- सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ।
- भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर ही अधिकतम एक अंक काटा जा सकता है।

</td><td></td></tr>
<tr><td>13.<br><br>(i)<br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br>अथवा<br><br>(ii)</td><td>

किसी **एक** विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन **अथवा** संदेश लेखन अपेक्षित :

**विज्ञापन-लेखन :**

- रचनात्मकता = 1 अंक
- विषयवस्तु = 2 अंक
- समग्र प्रभाव = 1 अंक

**विशेष निर्देश :**

- यथोचित विषय-वस्तु, स्तरीय और रचनात्मक प्रस्तुति पर पूरे अंक दिए जाएँ।
- भाषा प्रयोग/प्रस्तुति; दोनों स्तरों पर रचनात्मकता के प्रयोग पर पूरे अंक दिए जाएँ।
- विज्ञापन में आकर्षक भाषिक प्रयोग के उद्देश्य से अन्य भाषाओं के शब्दों का प्रयोग स्वीकार्य है।
- विज्ञापन-लेखन में रंगों और चित्रों का प्रयोग अनिवार्य नहीं है। इसके लिए अंक न काटे जाएँ।

**संदेश-लेखन :**

- प्रारूप = 1 अंक
- विषयवस्तु = 2 अंक
- भाषा-शुद्धता = 1 अंक

**विशेष निर्देश :**

</td><td>4</td></tr>
</table>

| | | |
|---|---|---|
| | • यथोचित विषय-वस्तु, स्तरीय और रचनात्मक प्रस्तुति पर पूरे अंक दिए जाएँ।<br>• उपयुक्त प्रारूप होने पर ही अंक दिए जाएँ।<br>• प्रारूप में किसी तरह का रूढ़ बंधन तय नहीं किया जाए।<br>(संबोधन, दिनांक आदि के दाएँ/बाएँ होने आदि के आधार पर अंक न काटे जाएँ।)<br>• प्रस्तुतीकरण प्रभावी और उपयुक्त होने पर शब्द-सीमा के उल्लंघन पर अंक न काटे जाएँ।<br>• सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ।<br>• भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर ही अधिकतम एक अंक काटा जा सकता है। | |
| 14. | किसी **एक** विषय पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लेखन अपेक्षित :<br><br>**अनुच्छेद-लेखन**<br>• भूमिका = 1 अंक<br>• विषयवस्तु = 3 अंक<br>• निष्कर्ष = 1 अंक<br>• भाषा शुद्धता = 1 अंक<br><br>**विशेष निर्देश :**<br>• दिए गए संकेत बिंदुओं को शामिल करते हुए यथोचित विषय-वस्तु, स्तरीय और रचनात्मक भाषा प्रयोग पर पूरे अंक दिए जाएँ।<br>• सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ।<br>• प्रस्तुतीकरण प्रभावी और उपयुक्त होने पर शब्द-सीमा के उल्लंघन पर अंक न काटे जाएँ।<br>• भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर ही अधिकतम एक अंक काटा जा सकता है। | 6 |
| 15.<br><br>(i) | किसी **एक** विषय पर लगभग 80 शब्दों में स्ववृत्त **अथवा** ई-मेल लेखन अपेक्षित :<br><br>**स्ववृत्त-लेखन :**<br>• प्रारूप = 1 अंक<br>• विषयवस्तु = 3 अंक<br>• भाषा-शुद्धता = 1 अंक<br><br>**विशेष निर्देश :** | 5 |

| | | |
|---|---|---|
| <br><br><br><br>अथवा<br><br><br>(ii) | • व्यक्तिगत जानकारी, शैक्षणिक योग्यताएँ आदि को शामिल कर यथोचित विषय-वस्तु, स्तरीय और उपयुक्त भाषा प्रयोग पर पूरे अंक दिए जाएँ।<br>• भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर ही अधिकतम एक अंक काटा जा सकता है।<br>• सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ।प्रस्तुतीकरण प्रभावी और उपयुक्त होने पर<br>• शब्द-सीमा के उल्लंघन पर अंक न काटे जाएँ।<br><br>**ई-मेल लेखन :**<br>• प्रारूप = 1 अंक<br>• विषयवस्तु = 3 अंक<br>• भाषा-शुद्धता = 1 अंक<br><br>**विशेष निर्देश :**<br>• उपयुक्त प्रारूप होने पर ही अंक दिए जाएँ।<br>• यथोचित विषय-वस्तु, स्तरीय और उपयुक्त भाषा प्रयोग पर पूरे अंक दिए जाएँ।<br>• प्रस्तुतीकरण प्रभावी और उपयुक्त होने पर शब्द-सीमा के उल्लंघन पर अंक न काटे जाएँ।<br>• सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ।<br>• भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर ही अधिकतम एक अंक काटा जा सकता है। | |